# वाराणसी को इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड समारोह में 4 श्रेणियों में मिले पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

18 अप्रैल, 2022 को गुजरात के सूरत में भारत सरकार के शहरी और आवास मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में वाराणसी स्मार्ट सिटी को चार अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- वाराणसी को जिन 4 श्रेणियों में पुरस्कार मिले हैं, उनका विवरण निम्न प्रकार है-
  - 'कोविड इनोवेशन अवार्ड'
  - 'स्मार्ट सिटी लीडरशिप अवार्ड'
  - 'सिटी अवार्ड'
  - 'जल संरक्षण अवार्ड'
- कोविड-19 महामारी के प्रकोप और सख्त लॉकडाउन के दौरान उल्लेखनीय पहल के लिये कोविड इनोवेशन अवार्ड दिया गया है। इस अवधि के दौरान काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने 'एकीकृत वार रूम' के रूप में कार्य करते हुए ज़िला प्रशासन, आपातकालीन सेवाएँ, स्वास्थ्य विभाग, टेलीमेडिसिन तथा नगर निगम आदि से संबंधित सुविधाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप में उपलब्ध कराया।
- इसी प्रकार शहर को इसके कुशल कामकाज और परियोजनाओं के उचित कार्यान्वयन के लिये 'स्मार्ट सिटी लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/varanasi-received-awards-in-4-categories-at-the-india-smart-city-award-ceremony